अर्ध चिकित्सा कर्मचारियों के संवर्ग की समीक्षा

209. **श्री अजीत जोगी :**

कुमारी आलिया :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का केन्द्रीय सरकार के अंतर्गत आने वाले अर्ध चिकित्सा कर्मचारियों के संवर्ग की समीक्षा आरंभ करने हेतु एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित करने का विचार है ताकि उनके वेतनमान में वृद्धि की जा सके और उनके लिये पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराये जा सकें; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारादेवी सिद्धार्थ) : (क) जी, नहीं ।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता ।

परिवार कल्याण कार्यक्रम हेतु विश्व बैंक से सहायता

210 **श्री अजीत जोगी** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में परिवार कल्याण कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए विश्व बैंक से सहायता प्राप्त कोई परियोजना प्रारम्भ की गई है ;

(ख) यदि हां, तो इस पर कितना धन खर्च हुआ है ;

(ग) क्या सरकार का विचार अन्य राज्यों में भी इसी प्रकार की परियोजना आरम्भ करने का है ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) सभी राज्यों में परिवार कल्याण कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिये राज्यवार कितने धन की मांग की गई है ?

स्वास्थ्य और कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(क) (**श्रीमती डी० के० तारादेवी सिद्धार्थ**) मध्य प्रदेश राज्य में भारत जनसंख्या परियोजना–VII विश्व बैंक की सहायता से राज्य में परिवार कल्याण कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिये शुरू की गई है ।

(ख) इस परियोजना पर अब तक 360.42 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है ।

(ग) और (घ) इसी प्रकार की विश्व बैंक सहायता प्राप्त परियोजनाएं बहुत से अन्य राज्यों में भी शुरू की गई हैं जिनका ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है । (नीचे देखिए)

(ङ) वर्ष 1992–93 के दौरान परिवार कल्याण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिये मांगी गई धनराशि के राज्यवार ब्यौरे को दर्शाने वाला एक विवरण–2 संलग्न किया गया है ।

विवरण—1

विश्व बैंक सहायता प्राप्त क्षेत्रीय योजनाएं

परियोजना का नाम	राज्य	जिले का नाम	कार्य की अवधि	कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपये)
आई०पी०पी०-III	केरल	मलप्पुरम, पैलाड, पालघाट और इडुक्की	1984–92	50.33
	कर्नाटक	धारवाड, बेलगाम, बीजापुर, गुलबर्ग और बीदर और रायचूर	तदैव	71.31
आई०पी०पी०-IV	पश्चिम बंगाल	बर्दवान, पुरुलिया, बीरभूम और बांकुरा	1985–93	107.47